that in order to constitute a meeting of the Joint Committee the quorum shall be one third of the total number of members of the Joint Committee,

that in other respects, the Rules of Procedure of this House relating to Select Committees shall apply with such variations and modifications as the Chairman may make,

that the Committee shall make a report to this House by the first day of the Ninetieth Session of the Rajya Sabha and

that this House recommends to the Lok Sabha that the Lok Sabha do join in the said Joint Committee and communicate to this House the names of members to be appointed by the Lok Sabha to the Joint Committee."

---

**16 hrs**

## COMMITTEE ON ABSENCE OF MEMBERS FROM SITTINGS OF THE HOUSE

### SIXTEENTH REPORT

**श्री चन्द्रिका प्रसाद (बलिया)** : उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपकी अनुमति से सभा की बैठकों से सदस्यों की अनुपस्थिति संबंधी समिति का 16वां प्रतिवेदन प्रस्तुत करता हूं।

**16.0½ hrs.**

## MOTION FOR ADJOURNMENT—*Contd*

### ALLEGED STARVATION DEATHS IN BIHAR

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी (ग्वालियर)** उपाध्यक्ष जी, मैं प्रस्ताव करता हूं कि सदन की बैठक अब स्थगित की जाए।

मैं यह कार्य स्थगन प्रस्ताव देश के विभिन्न भागों में, विशेषकर बिहार मे भयकर बाढ के कारण जो भयावह स्थिति पैदा हुई है उसके सन्दर्भ मे उठाना चाहता हू। कुछ ही दिन पहले इस सदन ने बाढ और सूखे से उत्पन्न स्थिति पर चर्चा की थी लेकिन यह खेद का विषय है कि बाढ पीडित क्षेत्रों की जनता को राहत देने के लिए जो प्रभावी उपायो की योजना की जानी चाहिए थी वह नहीं की गई। अनेक भागो से व्यापक पैमाने पर भुखमरी फैलने के समाचार आ रहे है। आज प्रात काल मैं ने कुछ समाचार उद्धृत किए थे जिनमे व्यक्तियो के नाम लेकर उनके मरने का सप्रमाण उल्लेख किया गया है। ऐसे समाचार केवल बिहार मे नही आ रहे है पश्चिम बगाल से, असम से और उडीसा से भी प्राप्त हो रहे है। बिहार मे स्थिति कितनी बिगड गई है उसका छोटा सा सकेत इस समाचार से मिलता है जो मै यहा उद्धृत कर रहा हू।

"विधायक श्री चुल्हाई राम ने एक लिखित वक्तव्य मे कहा है कि समस्तीपुर जिले के वारिसनगर प्रखण्डान्तर्गत कृष्णपुर बैकुण्ठ पचायत के मादोपाट मे पिछले दिन दो व्यक्ति भूख से मर गए। श्री राम गत 26 अगस्त को उक्त क्षेत्र के बाढग्रस्त स्थानो का दौरा करने गए थे। वहुतेरे परिवार कई दिन से भूखे है। और सरकार से कुछ भी सहायता नही मिल रही है।

इसी तरह भूख से पीडित सराय रजन प्रखण्ड के निमवारा ग्राम का रामजागो नामक मजदूर को गत 30 अगस्त को स्थानीय माडवाडी बाजार मे बलदेव दास राम प्रसाद जैन की दुकान के सामने स्थित नल के पानी मे बोरा भिगोकर पानी पीते देखा गया। वह दो दिनों से भूखा था और अपने गाव मे कोई काम नही मिलने पर इधर भटक गया। वह बोरा गुड का था जो वह उठा लाया था। शक्तिहीन होने के कारण वह ठीक से बोल नही पाता था।"

**16.02 hrs.**

[SHRI JAGANNATHRAO JOSHI *in the Chair*].